खबरों में रहे स्टॉक

पॉलीकैब इंडिया

वित्त वर्ष 25 की चौथी तिमाही में शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 33 प्रतिशत बढ़ा

₹ 5,798.9 पिछला बंद भाव
₹ 5,907.7 आज का बंद भाव
1.88 % ▲

टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज



लीगेसी सिस्टम अपग्रेड करने के लिए एआई संचालित समाधान पेश

₹ 3,455.2 पिछला बंद भाव
₹ 3,459.0 आज का बंद भाव
0.1 % ▲

कजारिया सिरैमिक्स



चौथी तिमाही के दौरान शुद्ध लाभ पिछले साल की तुलना में 58 प्रतिशत घटा

₹ 823.4 पिछला बंद भाव
₹ 797.7 आज का बंद भाव
-3.1 % ▼

सुंदरम क्लेटन



वित्त वर्ष 25 की चौथी तिमाही में 144 करोड़ रुपये का मुनाफा दर्ज किया

₹ 2,046.2 पिछला बंद भाव
₹ 2,069.4 आज का बंद भाव
1.1 % ▲

जीआर इन्फ्राप्रोजेक्ट्स

1,257 करोड़ रु की परियोजना के लिए बीएसएनएल से एडब्ल्यूओ मिला

₹ 1,069.5 पिछला बंद भाव
₹ 1,074.8 आज का बंद भाव
0.5 % ▲

संक्षेप में

रिन्यू एनर्जी ने जुटाए 10 करोड़ डॉलर

गुड़गांव स्थित रिन्यू एनर्जी ग्लोबल पीएलसी ने घोषणा की है कि उसने ब्रिटेन की डेवलपमेंट फाइनैंस इंस्टीट्यूशन एवं इंपैक्ट निवेशक 'ब्रिटिश इंटरनैशनल इन्वेस्टमेंट' (बीआईआई) से 10 करोड़ डॉलर (करीब 870 करोड़ रुपये) जुटाए हैं। कंपनी ने कहा कि इस निवेश का उद्देश्य भारत में सौर विनिर्माण कारोबार का विस्तार करना है। दोनों कंपनियों ने एक संयुक्त बयान में कहा है, 'यह भारत में सौर निर्माण क्षेत्र में बीआईआई का पहला निवेश भी है और दुनिया के तेजी से बढ़ रहे स्वच्छ ऊर्जा बाजारों में से एक में मजबूत, आत्मनिर्भर अक्षय ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखला तैयार करने की उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।' *बीएस*

सुंदरम होम फाइनैंस का शुद्ध लाभ 26 % बढ़ा

सुंदरम होम फाइनैंस का जनवरी-मार्च तिमाही में शुद्ध लाभ 26 प्रतिशत बढ़कर 71.57 करोड़ रुपये रहा। सुंदरम होम फाइनैंस की ओर से मंगलवार को जारी बयान के अनुसार, कंपनी का पिछले वर्ष की इसी तिमाही में शुद्ध लाभ 56.80 करोड़ रुपये रहा था। सुंदरम फाइनेंस लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी का समूचे वित्त वर्ष 2024-25 में शुद्ध लाभ चार प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 244.66 करोड़ रुपये रहा। *भाषा*

रेडिको खेतान के मुनाफे में 71 प्रतिशत का इजाफा

शराब निर्माता कंपनी रेडिको खेतान का चौथी तिमाही का एकीकृत शुद्ध मुनाफा 70.8 प्रतिशत बढ़कर 92.07 करोड़ रुपये हो गया है। मात्रा में बढ़ोतरी से कंपनी का मुनाफा बढ़ा है। कंपनी ने एक साल पहले जनवरी-मार्च तिमाही में 53.91 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध मुनाफा अर्जित किया था। *भाषा*

ई-बाइक पर एथर एनर्जी की नजर

सुरजीत दास गुप्ता
नई दिल्ली, 6 मई

मंगलवार को सूचीबद्ध हुई एथर एनर्जी इलेक्ट्रिक मोटरसाइकल सेगमेंट में उतरने की तैयारी कर रही है। इस सेगमेंट में कंपनी का सीधा मुकाबला ओला इलेक्ट्रिक से होगा।

लिस्टिंग के बाद एथर एनर्जी के सह-संस्थापक और मुख्य कार्याधिकारी तरुण मेहता ने कहा, 'हमने काम शुरू कर दिया है, लेकिन मैं आपको घोषणाओं के आसपास ही ज्यादा जानकारी दे सकता हूं। मुझे लगता है कि आने वाले साल में मोटरसाइकलें इलेक्ट्रिक हो जाएंगी। हम 125 सीसी से 300 सीसी आईसीई इक्विलेंट सेगमेंट में वाहन उतारने पर ध्यान दे रहे हैं।'

कंपनी को एलएफपी बैटरियों के उपयोग के लिए एआरएआई की मंजूरी भी मिल गई है। इसका इस्तेमाल उसके दोपहिया वाहनों में किया जाएगा। मेहता का कहना है कि इससे लागत और कम करने में मदद मिलेगी। इस समय इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन लिथियम आयन बैटरी पर चलते हैं।

मेहता ने एक लाख रुपये से कम कीमत वाले सेगमेंट (जिसमें उसके कई प्रतिस्पर्धियों ने बाजार भागीदारी हासिल कर रखी है) में उतरने से इनकार करते हुए कहा, 'दोपहिया अपग्रेडिंग के दौर से गुजर रहा है। 1 लाख रुपये से अधिक कीमत के 125सीसी स्कूटरों की भागीदारी 20 फीसदी से बढ़कर 50 फीसदी पर पहुंच गई है। इसलिए, हमें नहीं लगता कि 70-80 हजार के बाजार में जाना समझदारी होगी, क्योंकि 1 लाख से कम वाले सेगमेंट में मार्जिन बहुत कम है। हमारे उद्योग में 'सस्ते की रणनीति' कारगर नहीं हुई है।' एथर का कहना है कि 1 लाख रुपये से अधिक के बाजार में काफी संभावनाएं हैं। मेहता ने कहा, 'हमने 1.4-1.5 लाख रुपये के स्कूटर से शुरुआत की थी। लेकिन रिज्टा के साथ अब हम 1.1 लाख रुपये के स्कूटर पर हैं। स्कूटर बाजार भी उपयोग के आधार पर विभाजित हो रहा है। हमारे पास पहले फैमिली स्कूटर था, फिर पावर स्कूटर, अब हमारे पास मैक्सी स्कूटर और स्पोर्ट्स स्कूटर हैं।'

उनका मुख्य ध्यान निश्चित रूप से अपने वितरण का विस्तार करने पर है। मेहता कहते हैं कि इस तथ्य के बावजूद कि उनका वितरण प्रतिस्पर्धियों का एक-तिहाई है, वे पिछले महीने लगभग 15 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी हासिल करने में सफल रहे हैं। अब उनका लक्ष्य उन 100 शहरों में जाना है जहां उनके प्रतिस्पर्धी हैं।

पहले ही दिन 6.5 % टूटा एथर एनर्जी

एथर एनर्जी का शेयर मंगलवार को सूचीबद्धता पर अपने इश्यू प्राइस 321 रुपये से 6.5 फीसदी नीचे बंद हुआ। इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन निर्माता के 2,981 करोड़ के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को मिली सुस्त प्रतिक्रिया के बाद ऐसा हुआ है। इस आईपीओ को मात्र 1.4 गुना आवेदन मिले थे। नैशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर 300 पर रुकने से पहले शेयर ने 333 के उच्च और 299 के निम्न स्तर को छुआ और महज 480 करोड़ रुपये के शेयरों का कारोबार हुआ। बंद भाव पर कंपनी का मूल्यांकन 11,174 करोड़ रुपये रहा जो इसके आईपीओ मूल्यांकन 12,000 करोड़ रुपये से कम है। आईपीओ को सुस्त प्रतिक्रिया और कमजोर सूचीबद्धता नए शेयरों के लिए चुनौतीपूर्ण बाजार हालात को उजागर करती है।

मुकाबले को तैयार

- ओला इलेक्ट्रिक से मुकाबले के लिए इलेक्ट्रिक मोटरसाइकल सेगमेंट में देगी दस्तक
- कंपनी को एलएफपी बैटरी के इस्तेमाल की एआरएआई की अनुमति मिली
- एथर एनर्जी का मानना है कि 70-80 हजार रुपये के स्कूटर सेगमेंट में जाना समझदारी नहीं

लेकिन उसकी वितरण पैठ नहीं है और वह अपने प्रतिद्वंद्वियों के मुकाबले छोटे से हिस्से में पहुंच पाता है।

हालांकि एथर इस बात से चिंतित नहीं है कि वह इलेक्ट्रिक दोपहिया निर्माताओं के लिए पीएलआई योजना की पात्र नहीं है जबकि ओला, बजाज और टीवीएस जैसी उसकी प्रतिस्पर्धी कंपनियां इस योजना के लिए पात्र हैं। इस वजह से एथर के मार्जिन और मुनाफे पर दबाव आ सकता है। मेहता का कहना है, 'पीएलआई से लंबे समय में बाधा का जोखिम है क्योंकि यह कुछ वर्षों की रणनीति है और एक बार जब वाहन इसके आदी हो जाते हैं तो इसे छोड़ना बहुत मुश्किल होता है। हम पीएलआई की मदद के बगैर 19 फीसदी सकल मार्जिन ले रहे हैं और इससे हमारा बिजनेस मॉडल मजबूत बनता है। जब पीएलआई खत्म हो जाएगी तो एथर की मूल्य निर्धारण रणनीति सबसे अधिक मजबूत होगी क्योंकि हम पर इसका असर नहीं पड़ेगा। लेकिन इससे (पीएलआई संबंधित छूट खत्म होने से) अन्य कंपनियों के मार्जिन में गिरावट आएगी जो व्यवसाय और ग्राहकों के लिए नकारात्मक है।'

आईबीएम के सीईओ ने कहा ...

2028 तक 1 अरब से ज्यादा ऐप बना लेगी जेनएआई

शिवानी शिंदे
मुंबई, 6 मई

आईबीएम के मुख्य कार्य अधिकारी अरविंद कृष्ण ने कहा है कि जेनरेटिव आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (जेनएआई) साल 2028 तक एक अरब से ज्यादा नई ऐप्लिकेशन बना लेगी। यह बात मुख्य कार्य अधिकारियों (सीईओ) को इस तकनीक में अपना निवेश दोगुना करने के लिए प्रेरित कर रही है।

कृष्ण ने कहा, 'जैसे-जैसे जेनएआई इसमें (उद्यमों के तंत्र में) राह बना रही है, आईबीएम के सीईओ अध्ययन से पता चल रहा है कि हमारे ग्राहक एआई और उससे भी आगे निवेश को दोगुना या और भी ज्यादा करने की उम्मीद बांध रहे हैं।' वे अपनी कंपनी के प्रमुख कार्यक्रम आईबीएम थिंक से पहले वर्चुअल संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। परिभाषा के अनुसार जेनएआई एक तरह का ऐसा एआई है जो इनपुट या प्रॉम्प्ट के आधार पर टेक्स्ट, इमेज, म्यूजिक जैसी बहुत-सी नई सामग्री बना सकता है।

उद्यम के ग्राहक क्लाउड कंप्यूटिंग और एआई से निवेश पर अपेक्षित प्रतिफल केवल 25 प्रतिशत समय में ही ले ले रहे हैं। उन्होंने कहा, '(यह) उद्यम डेटा तक पहुंच, विभिन्न ऐप्लिकेशनों की साइलोड प्रकृति और बुनियादी ढांचे में हो रहे विभाजन जैसे कई कारकों से प्रेरित है। यही कारण है कि आईबीएम हाइब्रिड क्लाउड और एआई पर ध्यान दे रही है और हमने इन संयुक्त प्रौद्योगिकियों के संबंध में बहुत सारी घोषणाएं और नवाचार किए हैं।'

आईबीएम ने ऐलान किया कि वाटसनएक्स ऑर्केस्ट्रेट नामक उसका टूल उद्यमों को पांच मिनट से भी कम समय में एजेंटिक एजेंट तैनात करने की सुविधा देगा। यह ऐसी एआई प्रणाली है, जिसे स्वायत्त रूप से निर्णय लेने के लिए डिजाइन किया गया है। इन एजेंटों को एडोब, एमेजॉन वेब सर्विसेज और माइक्रोसॉफ्ट जैसे प्रदाताओं के 80 से अधिक उद्यम ऐप्लिकेशन में शामिल किया जा सकता है।

यह पूछे जाने पर कि क्या अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप की टैरिफ की धमकी से उपजी अनिश्चितता एआई पर खर्च को रोक रही है, कृष्ण ने कहा कि रुख इसके विपरीत है। उन्होंने कहा 'हम वास्तव में लोगों को अपना एआई निवेश दोगुना करते देख रहे हैं। लोग उत्पादकता, लागत बचत पर विचार कर हैं, लेकिन वे अपनी खुद की कंपनियों का राजस्व भी बढ़ाना चाहते हैं।'

मार्च तिमाही में पेटीएम का घाटा घटा

बीएस संवाददाता और भाषा
नई दिल्ली/मुंबई, 6 मई

पेटीएम ब्रांड की मालिक वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस का घाटा पिछले वित्त वर्ष (2024-25) की जनवरी-मार्च तिमाही में कम होकर 545 करोड़ रुपये रहा है। वित्त वर्ष 2023-24 की समान तिमाही में कंपनी को 551 करोड़ रुपये का घाटा हुआ था।

कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि उसकी परिचालन आय मार्च तिमाही में 15.7 प्रतिशत घटकर 1,911.5 करोड़ रुपये रह गई, जो वित्त वर्ष 2023-24 की समान तिमाही में 2,267.1 करोड़ रुपये थी। कंपनी ने बताया कि पिछले वित्त वर्ष उसका घाटा घटकर 645.2 करोड़ रुपये रह गया।

एलेम्बिक फार्मा के लाभ में आई गिरावट

वडोदरा की एलेम्बिक फार्मास्युटिकल्स ने वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही के दौरान शुद्ध लाभ में 12 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की और यह घटकर 157 करोड़ रुपये रह गया। उसकी शुद्ध बिक्री 17 प्रतिशत बढ़कर 1,770 करोड़ रुपये हो गई। एबिटा भी 9 प्रतिशत बढ़कर 286 करोड़ रुपये हो गया, जिससे एबिटा मार्जिन 16 प्रतिशत रहा। कर से पहले का लाभ 5 प्रतिशत बढ़कर 192 करोड़ रुपये हो गया। एलेम्बिक के ग्रुप सीएफओ आरके बाहेती ने स्पष्ट किया कि कंपनी ने पिछले वर्षों में अवरुद्ध संपत्तियों को बट्टेखाते डाला था जिससे कराधान में कमी आई।

बैंक ऑफ बड़ौदा के मुनाफे में 3 प्रतिशत की बढ़त

सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ बड़ौदा (बीओबी) का शुद्ध लाभ पिछले वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में 3 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ 5,048 करोड़ रुपये हो गया। बैंक ने मंगलवार को जनवरी-मार्च, 2025 तिमाही के वित्तीय नतीजों की सूचना शेयर बाजार को दी।

... दवा निर्यात पर नहीं असर

पृष्ठ 1 का शेष

उदय भास्कर ने कहा, 'मुझे लगता है कि ट्रंप अपनी घरेलू फार्मा कंपनियों को प्रोत्साहित करने की कोशिश कर रहे हैं ताकि स्थानीय उत्पादन बढ़ाया जा सके। कई अमेरिकी कंपनियों की विनिर्माण इकाइयां आयरलैंड, जर्मनी आदि हैं हैं। अमेरिका अपनी जरूरत का करीब 80 फीसदी एपीआई आयात करता है और इस मामले में वह आत्मनिर्भर बनना चाहेगा। अमेरिका हर साल 200 अरब डॉलर मूल्य की दवाओं का आयात करता है। अमेरिका को भारत केवल 10 अरब डॉलर मूल्य की दवाएं निर्यात करता है, जिनमें ज्यादातर जेनरिक दवाएं हैं। इसलिए मुझे ज्यादा प्रभाव पड़ने की आशंका नहीं दिखती।'

रॉश, नोवार्तिस, एली लिली और जॉनसन ऐंड जॉनसन सहित कई कंपनियों ने हाल के हफ्तों में अमेरिका में विनिर्माण में भारी निवेश की घोषणा की है। भारतीय कंपनियों के अमेरिका में विनिर्माण स्थानांतरित करने के संबंध में लागत महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

pnb Housing Finance Limited
Great Ki Ghar!

परिशिष्ट –4–क
अचल सम्पत्तियों की ई-नीलामी बिक्री सूचना
वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 8(6) के परंतुक के तहत अचल आस्तियों की बिक्री हेतु ई–नीलामी बिक्री सूचना

पंजीकृत कार्यालय: – 9 वीं मंजिल, अंतरिक्ष भवन, 22, के जी मार्ग, नई दिल्ली –110001 फोन: – 011–23357171, 23357172, 23705414. वेबसाइट: www.pnbhousing.com
जमशेदपुर शाखा: पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, बढ़नी ट्रेड सेंटर, तृतीय तल, आर. रोड, बिष्टूपुर, जमशेदपुर–831001, झारखंड

एतद्द्वारा सर्व साधारण को और विशेष रूप से कालम नंबर –ए में निर्दिष्ट कर्जदार(रों) एवं गारंटर(रों) को सूचना दी जाती है कि प्रत्याभूत लेनदार के पास बंधक / प्रभारित कालम नंबर–डी में वर्णित अचल सम्पत्ति(यों), जिसका प्रतीकात्मक / भौतिक कब्जा पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (पीएनबी एचएफएल) / प्रत्याभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्राप्त किया जा चुका है (कालम नंबर–सी में वर्णित/तृतीय) नीचे दिए विवरण के अनुसार **"जैसी है जहां है", "जैसी है जो है" तथा "जो भी है वहां है"** आधार पर बेची जाएगी। एतद्द्वारा कालम नंबर –ए में निर्दिष्ट कर्जदार(यों)/ बंधककर्ता(यों)/ सहबंधक कर्जदार(यों)/ (पुनर्भुगतान) के कानूनी वारिसों, कानूनी प्रतिनिधियों, (यदि ज्ञात अथवा अज्ञात), निष्पादक(कों), प्रशासक(कों), उत्तराधिकारी(यों), समनुदेशिती(यों) को, जैसी भी स्थिति है, प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियमावली, 2002 अधीन संशोधित के नियम 8(6) एवं 9 के तहत सूचना दी जाती है।

बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया मैसर्स पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, प्रतिभूत लेनदार की वेबसाइट नामत: www.pnbhousing.com में उपलब्ध कराया गया लिंक देखें।

ऋण संख्या, कर्जदार/सह–कर्जदार का नाम गारंटर(रु) (ए)	मांग सूचना मांग की राशि और तारीख (बी)	कब्जा का प्रकार (सी)	बंधक रखी सम्पत्तियों का विवरण (डी)	आरक्षित मूल्य (आरबी) (ई)	ईएमडी (आरबी का 10%) (एफ)	बोली प्रसारण इकाई (बीआईयू) अवधि तिथि (जी)	बोली वृद्धि राशि (एच)	निरीक्षण की तिथि एवं समय (आई)	नीलामी की तिथि एवं समय (जे)	ज्ञात ऋणभार/ भावार सम्पत्ति यदि कोई. (के)
HOU/TATA/0119/638657, बी.जी.: दातानगर, राकेश शर्मा, रिया देवी	13.07.2021 एवं रु 12,81,698.81	भौतिक कब्जा	यह सारा टुकड़ा 3 (तीन) कट्ठा क्षेत्रफल का भूमि का यावतांश है आर एस का कम नं. न्यायाद हेसा, प्लॉट संख्या 601 का कम से न्यायाद हिस्सा उप प्लॉट संख्या 601(ई) के रूप में चिह्नित है, खाता संख्या 99 के अंतर्गत ग्राम होई, थाना संख्या 238, पी.एस. जगन्नाथपुर, जिला राँची झारखंड में स्थित है और निम्नानुसार घिरा हुआ है। उत्तर: 5' चौड़ी तहसील सड़क, दक्षिण: प्लॉट संख्या 598 का हिस्सा, पूर्व: प्लॉट संख्या 598 का हिस्सा, पश्चिम: प्लॉट संख्या 601 का हिस्सा	रु. 2113000	रु. 211300	26.05.2025	रु. 10,000	15.05.2025 पूर्वा. 10.00 बजे से अपरा. 5:30 बजे	27.05.2025 अपरा. 02.00 बजे से अपरा. 03.00 बजे	Not Known

*उसके भुगतान तथा/अथवा वसूली की तिथि तक लागू अनुसार 18 प्रतिशत वार्षिक की दर पर भावी ब्याज, उपगत किए गए अनुषंगी खर्चों, लागत, प्रभारों इत्यादि सहित। "पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के सर्वश्रेष्ठ ज्ञान और जानकारी के अनुसार, उपरिवर्णित अचल/प्रतिभूत आस्तियों के संबंध में कोई अन्य ऋणभार/दावे नहीं हैं, सिवाय उनके जो कालम नंबर–डी में वर्णित किए गए हैं। इसके अतिरिक्त इन ऋणभारों का भुगतान/अदायगी सफल क्रेता/बोलीदाता द्वारा उसकी अपनी व्यवस्था द्वारा की जाएगी। सफल क्रेता(ओं)/बोलीदाता(ओं) से वर्णित ऋणभारों की सत्यता का अभिनिश्चयन स्वतंत्र रूप से करने का अनुरोध किया जाता है। 1. अचल की तिथि तक, पीएनबीएचएफएल/पीएनबीएचएफएल के प्राधिकृत अधिकारी पर उपरोक्त अचल सम्पत्ति(यों)/प्रतिभूत आस्तियों की बिक्री, हस्तांतरण तथा/अथवा निपटान के संबंध में कोई हानिकर आदेश तथा/अथवा न्यायालय निषेधादेश लागू नहीं है। 2. संभावित क्रेता/बोलीदाता तथा इच्छुक पार्टियां कालम नंबर–के में वर्णित, कार्यवाही/पारित आदेश इत्यादि, यदि कोई, में बहस, जिसमें पीएनबीएचएफएल के पास उपलब्ध उसके स्वामित्व के साथ संबंधित दस्तावेजों का वैधीकरण शामिल है पर्याप्त रूपों तक सीमित नहीं है, की विश्लेषण स्वतंत्र रूप से कर लेनी चाहिए। 3. सफल बोलीदाता(ओं) को बोली प्रपत्र के साथ इस नीलामी के नियमों और शर्तों पर हस्ताक्षर करने होंगे। 3. कृपया ध्यान दें कि प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9(3) के अनुसार, बोलीदाता/खरीदार कानूनी रूप से बिक्री मूल्य की राशि का 25% (यानाना राशि) जमा करने के लिए बाध्य है। ऐसा, यदि कोई हो, जमा किया गया) उसी दिन या अगले कार्य दिवस की तुलना में बाद में नहीं। सुरक्षा मार्ज (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9(2) के अनुसार सुरक्षित लेनदार द्वारा बिक्री मूल्य का 25% जमा करने के बाद ही (बोली लगाने वालों के पक्ष में बिक्री की पुष्टि की जा सकती है तथा 75% बिक्री मूल्य पेश की तारीख से 15 दिनों के भीतर क्रेता द्वारा बिक्री प्रतिपादित की जाने वाली तारीख और इस तरह की जमा राशि के डिफॉल्ट होने पर, संपत्ति / सुरक्षित संपत्ति को फिर से बेचा जाएगा। **4. मैसर्स सी। इंडिया प्राइवेट लिमिटेड** ई–नीलामी के माध्यम से बिक्री संचालन के प्राधिकृत अधिकारी कार्पोरेट कार्यालय पता : 'प्लॉट नंबर 68, तृतीय तल, सेक्टर–44, गुरुग्राम, हरियाणा–122003 वेबसाइट:– www.bankeauctions.com सहायता करेगी। संपत्ति के निरीक्षण या बोली दस्तावेज प्राप्त करने और किसी अन्य प्रश्न या फ्लोकरण से संबंधित किसी भी सहायता के लिए, पीएनबीएचएफएल प्राधिकृत अधिकारी **प्रियांक सिन्हा, संपर्क नंबर 1800120 8800**, या सी। इंडिया प्राइवेट लिमिटेड अथवा www.pnbhousing.com पर देखें।

स्थान : रांची, दिनांक : 07.05.2025 प्राधिकृत अधिकारी, मैसर्स पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

पीई-वीसी क्षेत्र में और ज्यादा फर्मों के आने से बढ़ी प्रतिस्पर्धा

सुरजीत दास गुप्ता
नई दिल्ली, 6 मई

निजी इक्विटी (पीई) और वेंचर कैपिटल (वीसी) फंडों का प्रतिस्पर्धी परिदृश्य और ज्यादा बढ़ता जा रहा है। इसमें हिस्सेदारी के लिए कंपनियों की संख्या बढ़ती जा रही है। बेन ऐंड कंपनी और आईबीसीए ने आज इंडिया प्राइवेट इक्विटी रिपोर्ट 2025 जारी की। इसके अनुसार भारत में सौदों में शामिल पीई की संख्या में साल 2016 से 2024 के बीच 60-65 प्रतिशत से ज्यादा का इजाफा हो चुका है। साल 2016 में 100 से 110 फंड थे जो साल 2024 में 170 से 180 तक हो गए हैं। यह पिछले 8 वर्षों में 6 से 7 प्रतिशत की सीएजीआर (चक्रवृद्धि वार्षिक दर) है।

भारत वैश्विक निवेशकों से लगातार मजबूत निवेश आकर्षित कर रहा है। प्रबंधनाधीन परिसंपत्तियों (एयूएम) के आधार पर शीर्ष 30 वैश्विक फंडों में से 90 प्रतिशत की भारत में सक्रिय मौजूदगी है और उनकी संख्या पहले से ही बढ़ रही है। साल 2024 में फंडों की कुल संख्या में वैश्विक फंडों की हिस्सेदारी 50 से 55 प्रतिशत थी, जो साल 2016 में 40 से 50 प्रतिशत के करीब थी। साथ ही घरेलू फंड भी अपनी ताकत दिखा रहे हैं और अब कुल पीई फंडों में उनकी हिस्सेदारी 40 से 45 प्रतिशत है। बाकी हिस्सेदारी सरकार से जुड़े फंडों के पास है।

इतना ही नहीं रकम जुटाना भी तेजी से प्रतिस्पर्धी होता जा रहा है क्योंकि सीमित साझेदार (एलपी) नए निवेश के प्रमुख चालकों के तहत पिछले फंड प्रदर्शन को प्राथमिकता दे रहे हैं। इस रिपोर्ट के लिए किए गए सर्वेक्षण से पता चलता है कि भारत में 56 प्रतिशत फंडों ने कहा कि सीमित साझेदार अब दमदार ट्रैक रिकॉर्ड की मांग करते हैं, जिससे पिछला प्रदर्शन बाद की वित्तीय सहायता हासिल करने में महत्वपूर्ण कारक बन गया है।

Invites 6 Nos. e-tenders, vide NIT No.-WBMAD/NIT-83e/BM/BMS-2024-25 (3rd Call), WBMAD/NIT-110e/BM/BUSSTAND-2024-25(2nd Call), Bid submission start date - 05/05/2025 at 09.00 A.M & Bid submission end date 13/05/2025 at 03.30 P.M. & vide NIT No.- WBMAD/NIT-108e/BM/GREEN CITY-2024-25 (2nd call), WBMAD/NIT-109e/BM/GREEN CITY-2024-25 (2nd call), WBMAD/NIT-79e/BM/BMS-2024-25(3RD Call), WBMAD/NIT-35e/BM/ROAD-2025-26 Bid submission start date - 08/05/2025 at 09.00 A.M & Bid submission end date 22/05/2025 at 03.30 P.M. for any further details, please visit www.wbtenders.gov.in & Bishnupur Municipality Website.
Sd/-
Chairman,
Bishnupur Municipality

Opinion,
Monday to Saturday

To book your copy,
sms reachbs
to 57575 or
email order@bsmail.in

Business Standard 50 Years of Insight

Government of West Bengal
Office of the Assistant Director of Agriculture & PIA Kharkai & Subarnarekha Watershed Project
Block: Bagmundi; Dist: Purulia;
Pin: -723152; W.B.
Phone: 03252-250291, e-mail: paikharkaisubarnarekha@gmail.com
Press Notice
E-Tenders are hereby invited from Bonafede experienced and reliable contractors for Construction of 37no's scheme under PMKSY WDC 2.0 scheme in Purulia District on and from 07/05/2025 to 17/05/2025. Vide NIT- 07/PMKSY-WDC2-NRM/01/25-26 Details of timing, eligibility criteria etc. pl. visit www.wbtenders.gov.in
Sd/-
Assistant Director of Agriculture
Baghmundi Block &
PIA, Kharkai & Subarnarekha Watershed

UJJIVAN SMALL FINANCE BANK
पंजीकृत कार्यालय:– प्रेस गार्डन, नं. 27 तृतीय 'ए' क्रॉस, 18जी मेन, 6वां ब्लॉक, कोरमंगला, बेंगलुरु कर्नाटक-560095
क्षेत्रीय कार्यालय:– जी एम टी टी बिल्डिंग प्लॉट नं. डी-7, सेक्टर-3, नोएडा (यूपी)
उज्जीवन स्माल फाइनेंस बैंक जिसका शाखा रायपुर (छ.ग)

सार्वजनिक नीलामी सूचना

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के परंतुक नियम 8(6) और 9 के साथ पठित वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम (सरफेसी अधिनियम) 2002 के तहत बिक्री के लिए सार्वजनिक सूचना। उज्जीवन स्माल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में अधोहस्ताक्षरी ने सरफेसी अधिनियम की धारा 13(4) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित संपत्ति पर कब्जा कर लिया है। विशेष रूप से उधारकर्ता और आम जनता को सूचित किया जाता है कि बैंक के बकाया राशि की वसूली के लिए नीचे उल्लिखित खाते में बंधक संपत्ति की सार्वजनिक नीलामी "जहां है जैसा है" और "जो कुछ भी है" के आधार पर नीचे निर्धारित तिथि को आयोजित की जाएगी।

क्र. सं.	ऋण खाता नं.	कर्जदार/सह-कर्जदार/ गारंटर का नाम	13-2 नोटिस की तिथि और मांग राशि	कब्जे की तिथि	वर्तमान बकाया राशि	सम्पत्ति के निरीक्षण की तिथि एवं समय	आरक्षित मूल्य रु. में	जमा धरोहर राशि (ईएमडी) रु. में (आरक्षित मूल्य का 10%)	ई-नीलामी की तिथि एवं समय	बोली जमा करने की अंतिम तिथि	ईएमडी जमा करने हेतु खाता विवरण	सम्पर्क नं.
1.	23392100 90000023	1. नया ढाबा प्रोपराईटर कृष्ण कुमार कौशिक (इसके कानूनी उत्तराधिकारियों के माध्यम से) 2. कृष्ण कुमार कौशिक पुत्र बुढदास कौशिक 3. स्वाति कौशिक पत्नी कृष्ण कुमार कौशिक 4. मनोकामी कौशिक पत्नी बुढ़ दास कौशिक 5. हेम प्रकाश कौशिक पुत्र बुढ़ दास कौशिक	06.07.2023 रु. 51,15,342/-	11.12.2024	रु. 70,99,035.82/- दिनांक 20.03.2025 तक	20.05.2025 अपरा. 02.00 बजे तक	रु. 48,60,000/-	रु. 4,86,000/-	27.05.2025 को दोपहर 12.00 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक	26.05.2025 को अपरा. 04.00 बजे तक	ईएमडी को उज्जीवन स्माल फाइनेंस बैंक, रायपुर शाखा जोकि भूतल और प्रथम तल 38/517, 518, 564/4, तत्वपारा वार्ड नं. 38, रायपुर, छत्तीसगढ़- 492001 के पक्ष में देय डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से जमा किया जाना चाहिए।	9329427916/ 9983365566

सम्पत्ति: – रिहायशी सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि खसरा नं. 507/5 और 593/1, क्षेत्रफल 2400 वर्ग फीट, मंदिरहौसद, पी.सी. नं. 73/16, आर.आई.सी.-मंदिरहौसद, रायपुर, छत्तीसगढ़, जिसकी सीमा इस प्रकार है: सीमाएं: पूर्व: सड़क, पश्चिम : संतोष सिन्हा की भूमि, उत्तर: विक्रेता की शेष भूमि, दक्षिण: सड़क

नियम एवं शर्तें–
ई–नीलामी "जहां है जैसा है" और "जो कुछ भी है" के आधार पर आयोजित की जायेगी।
1. प्राधिकृत अधिकारी के सर्वोत्तम ज्ञान और सूचना के अनुसार, किसी भी संपत्ति पर कोई ऋणभार नहीं है। हालांकि, इच्छुक बोलीदाताओं को अपनी बोली प्रस्तुत करने से पहले, ऋणभार, नीलामी के लिए रखी गई संपत्तियों के स्वामित्व और संपत्ति को प्रभावित करने वाले दावों/अधिकारों/देयताओं के संबंध में अपनी स्वतंत्र पूछताछ करनी चाहिए। ई–नीलामी विज्ञापन ने बैंक की कोई प्रतिबद्धता या कोई प्रतिनिधित्व नहीं बनता है और न ही यह माना जाएगा। संपत्ति की बैंक की जात या अज्ञात सभी मौजूदा और भावी ऋणभारों के साथ बेचा जा रहा है। अधिकृत अधिकारी / सिक्योर्ड क्रेडिटर किसी भी तीसरे पक्ष के दावों/अधिकारों/ देयताओं के लिए किसी भी तरह से जिम्मेदार नहीं होगा।
2. बोली प्रस्तुत करने से पहले संपत्ति और विशिष्टताओं के बारे में निरीक्षण और स्वयं की संतुष्ट करने की जिम्मेदारी बोलीदाताओं की होगी। नीलामी के